राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांक :– एफ. 3(ग) 1986/एसीपी–III/अलेसे–II/6731-6732 दिनांक :-14-08-2014

**कार्यालय आदेश** 60/2014-15

श्री विष्णुदत्त गुप्ता, लेखाकार (मैरिट संख्या 770/86) की राजकीय सेवा में कनिष्ठ लेखाकार के पद पर कार्यग्रहण तिथि 03.07.1962 है, श्री गुप्ता, कनिष्ठ लेखाकार के पद पर कार्यग्रहण करने से पूर्व वरिष्ठ अध्यापक के पद पर दिनांक 02.07.1986 से 29.11.1988 तक कार्यरत थे। राज्य सरकार के आदेश संख्या एफ.11 (7) एफ.डी./रूल्स /2008–I दिनांक 31.12.2009 के बिन्दु संख्या 7(III) के अनुसरण में वरिष्ठ अध्यापक एवं कनिष्ठ लेखाकार का वेतनमान समान होने के कारण वरिष्ठ अध्यापक के पद पर नियुक्ति तिथि 02.07.1986 के अनुसार दिनांक 02.07.2013 को 27 वर्ष की सेवा निरन्तर एवं संतोषजनक पूर्ण होती है, श्री गुप्ता को राज्य सरकार के आदेश क्रमांक प.11 (7) वित्त (नियम)/2008 दिनांक 12.09.2008 के अनुसरण में कनिष्ठ लेखाकार के पद की तृतीय आश्वासित कैरियर प्रगति (एसीपी) वेतन श्रृंखला पी.बी.–2 (9300–34800) ग्रेड पे 4800/– में दिनांक 02.07.2013 से स्वीकृति की जाती है एवं वित्त विभाग (नियम अनुभाग) के पत्रांक प.14 (88) वित्त (नियम) 2008 जयपुर दिनांक 05.07.2013 के अनुसरण में दिनांक 02.07.2013 से ग्रेडपे 5400 स्वीकृत किया जाता है।

श्री गुप्ता को उनके वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन एवं वित्त विभाग के आदेश क्रमांक प0 (20) वित्त/ग्रप–2/92 दिनांक 23.04.1994 में दी हुई शर्तो के संबंध में संतोषजनक सेवा संबंधी प्रमाण पत्र तथा कार्मिक विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ.7 (1) (डीओपी)/क–2/95 दिनांक 20.06.2001 के क्रम में सन्तान संबंधी घोषणा प्राप्ति के आधार पर आश्वासित कैरियर प्रगति (एसीपी) स्वीकृत की जाती है।

श्री गुप्ता का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के उक्त आदेश दिनांक 12.09.2008 के पैरा 19 के अनुसार संबंधित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया जावेगा। वेतन निर्धारण से पूर्व कार्यालयाध्यक्ष द्वारा यह सुनिश्चित किया जावे कि संबंधित कर्मचारी संशोधित वेतनमान 2008 में वेतन प्राप्त कर रहा है तथा एसीपी स्वीकृति तिथि को इनके विरूद्ध कोई विभागीय जांच लम्बित नही है। इस स्वीकृति व वेतन निर्धारण की प्रविष्ठि आवश्यकरूप से संबंधित कनिष्ठ लेखाकार की सेवा पुस्तिका में की जावें।

(वीरबाला जोशी)
निदेशक

क्रमांक :– एफ. 3(ग) 1986/एसीपी–III/अलेसे–II/6731-6732 दिनांक :-14-08-2014

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. निदेशक, पशुपालन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
2. श्री विष्णुदत्त गुप्ता, लेखाकार, निदेशालय पशुपालन विभाग, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सहायक निदेशक, महोदय।
4. उपनिदेशक (एसीपी)/निजी/ गार्ड फाईल।

(के0 एम0 मीणा)
अतिरिक्त निदेशक(कार्मिक–II)